
कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई

## वार्षिक रिपोर्ट 2020–21

महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने 26 अप्रैल को कोरोना योद्धाओं के लिए एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य लोगों में जागरूकता व सकारात्मकता फैलाना था, जिसमें महाविद्यालय की छह स्वयंसेविकाओं ने हिस्सा लिया। विजेताओं के पोस्टर दैनिक भास्कर अखबार में भी प्रकाशित हुए।







2 मई 2020

THANK YOU CORONA WARRIORS

राजस्थान यूनिवर्सिटी ने ऑनलाइन शुरू किया कैंपेन

कोरोना के खिलाफ 40 कॉलेजों के 246 युवाओं के बीच ड्राइंग कॉम्पीटिशन

10-10 विनर्स को किया जाएगा सम्मानित

कोविड-19 से संबंधित ऑनलाइन प्रतियोगिता


Office : District Coordinator N.S.S.
Rajasthan Sangeet Sansthan, Jaipur

Date : 21 May 2020

Online Color Painting Competition

Certificate of Appreciation

THIS IS PRESENTED TO

Mansi Pancholi


of Kanoria PG Mahila Mahavidyalaya, Jaipur for securing 2nd position in Online Color Painting Competition on "Bapu ke sapno ka Bharat". We wish her all success in her life.

Sh. S.P. Bhatnagar
Regional Director of N.S.S., Jaipur
Ministry of YAS, Government of India

Dr. Banay Singh
State Coordinator N.S.S.
Commissionerate Higher Edu. Jaipur

Dr. Snigdha Sharma
District Coordinator N.S.S.
Commissionerate Higher Edu. Jaipur


15 जून को कोरोना से जुड़ी ऑनलाईन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में जागरूकता व सकारात्मकता फैलाना




व उन्हें कोरोना से जुड़ी जानकारी प्रदान करना था, जिसमें देशभर के विभिन्न हिस्सों से 2414 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

21 जून को 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' के अवसर पर ऑनलाईन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रश्नोत्तरी के माध्यम से योग के लाभ बताए गए व लोगों को योग करने के लिए प्रेरित किया गया। इस प्रतियोगिता में 1659 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।







12 अगस्त को 'अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस' के अवसर पर एक वेबीनार का आयोजन किया गया, जिसकी मुख्य अतिथि चारु शर्मा, असिस्टेंट कमीश्नर, जीएसटी व ऋचा गोड, इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एक्सपर्ट रहीं। अतिथियों




ने अपने अनुभव छात्राओं के साथ साझा किए व उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. सीमा अग्रवाल व उप–प्रचार्या (वाणिज्य) डॉ. सरला शर्मा ने छात्राओं को वैश्विक कार्यो के लिए युवाओं की भूमिका से अवगत करवाया। इस वेबीनार का संचालन स्वयंसेविका पलक ढ़ाका ने किया।

15 अगस्त को 'स्वतंत्रता दिवस' के अवसर पर महाविद्यालय में झण्ड़ारोहण किया गया एवं ऑनलाईन क्विज़ का आयोजन किया, जिसमें भारत के इतिहास व भूगोल से जुड़े कई सवाल पूछे गए, जिसमें 485 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को ई–प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया।




1 सितम्बर को 'स्तनपान–सप्ताह' के दौरान जागरूकता फैलाने हेतु स्वयंसेविकाओं ने पोस्टर बनाए व सोशल मीडिया के माध्यम से उन्हें प्रमोट भी किया।










7 सितम्बर को आई बैंक सोसाइटी ऑफ राजस्थान एवं सायबर सिक्युरिटी सर्विसेज़ के संयुक्त तत्वावधान में माइक्रोसॉफ्ट टीम्स एप पर 'ह्युमन आई एंड साइबर एज' विषय पर एक वेबीनार का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष आई.ए.एस. श्री बी.एल. शर्मा एवं सायबर सिक्युरिटी सर्विसेज के सी.ई.ओ. आई.पी.एस. डॉ. सी.बी. शर्मा रहे।




12 सितम्बर को फ़िट इण्डिया अभियान के तहत लोगों को जागरूक करने के लिए एक पहल की, जिससे लोग अपने दैनिक जीवन में शारीरिक गतिविधियों और खेलों को शामिल करके स्वस्थ रहें। छात्राओं ने अनेक तरह के खेलों व अन्य गतिविधियों में अपना उत्साह दिखाया व लोगों में जागरूकता फैलाई।




24 सितम्बर को 'राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस' के अवसर पर ऑनलाईन वेबीनार का आयोजन किया गया, जिसकी मुख्य अतिथि डॉ मन्जु सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक, इलाहाबाद विश्वविद्यालय रहीं। इस वेबीनार के माध्यम से उन्होंने अपने अनुभव साझा किए व इससे जुड़े रहने के लाभ बताए।

## एनएसएस इकाइयों ने किया वेबिनार का आयोजन

**जयपुर, समाचार जगत न्यूज।** एन.एस.एस. की स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में गुरुवार को कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय की एन.एस.एस. इकाइयों ने वेबिनार का आयोजन किया।

जिसमें मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में अलाहाबाद यूनिवर्सिटी की एन.एस.एस. कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मंजू सिंह उपस्थित रहीं 170 एन.एस.एस. स्वयंसेविकाओं से अपने अनुभवों को साझा किया और प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आंचल पुरी और टीना सिंह ने किया। महाविद्यालय की प्रिंसिपल डॉ. सीमा अग्रवाल ने भी छात्राओं को प्रोत्साहित किया।









30 सितम्बर को गृह–विज्ञान विभाग के सहयोग से पोषण माह के अन्तर्गत राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया, जिसकी मुख्य वक्ता, डॉ. निमाली सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर होम साइंस, राजस्थान विश्वविद्यालय, डॉ. दीपाली हरिप्रसाद, तकनीकी परामर्शदाता, न्यूट्रीशन, वर्ल्ड बैंक, डॉ. प्राची अविनाश, महाविद्यालय की गृह–विज्ञान विभागध्यक्ष, डॉ. ऋचा चतुर्वेदी रहीं। इस वेबीनार में छात्राओं को पोषण से सम्बन्धित जानकारी दी गई और बताया गया कि कैसे शिशु के लिए जीवन के शुरुआती 1000 दिन सबसे महत्वपूर्ण होते हैं, साथ ही ऑर्गेनिक फार्मिंग के फायदों पर भी चर्चा करते हुए किचन गार्डन लगाने के लिए प्रेरित किया गया।




2 अक्टूबर को 'गाँधी–शास्त्री जयंती' के अवसर पर राज्यस्तरीय अंतरमहाविद्यालय पीपीटी प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जीवन शैली का दर्शन करवाना था। इस प्रतियोगिता में अनेक छात्र–छात्राओं ने भाग लिया व सभी प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र दिए गए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बालू सिंह देवरा, राजकीय महाविद्यालय, सिरोही, द्वितीय स्थान कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय की दिशा जैन एवं तृतीय स्थान मुकेश चन्द, नर्सिंग कॉलेज, जयपुर ने प्राप्त किया।




2 अक्टूबर को ही प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसके माध्यम से छात्राओं से महात्मा गाँधी से जुड़े कई सवाल पूछे गए। 50 प्रतिशत से अधिक सही जवाब देने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र भी दिए गए। इस प्रतियोगिता में 221 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया।




26 नवम्बर को फेफड़ों के कैंसर पर जागरूकता सम्बन्धी वेबीनार का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि डॉ. हरशील अलवानी, एमडी, पल्मोनरी मेडिसिन, आईएमएस एंड एसयूएम हॉस्पिटल, उडीसा रहे। डॉ. अलवानी ने कैंसर संबंधी अनेक जानकारियां दी व इससे बचने के उपाय भी साझा किए। प्राचार्या डॉ. सीमा अग्रवाल ने भी कैंसर से जुड़े अपने विचार रखे।




26 नवम्बर को संविधान दिवस के अवसर पर ज़ूम एप के माध्यम से 'संविधान' नामक फिल्म प्रदर्शित की गई, जिसमें संविधान से जुड़ी बातों की जानकारी दी गई।



1 दिसम्बर 'विश्व एड्स दिवस' पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 68 छात्राओं ने भाग लिया व सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए।




10 दिसंबर को 'मानवाधिकार दिवस' पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें अनेक छात्राओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। इसी दिन मतदाता जागरूकता अभियान के तहत भी पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दोनों प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए।











12 दिसम्बर को माहवारी व इससे जुड़े तथ्यों व मिथ्याओं पर एक दिवसीय ऑनलाइन सभा का आयोजन किया गया, जिसकी मुख्य अतिथि श्वेता यादव (पीरियड–फैलो 2018, सुखी भवः, टाटा ट्रस्ट) रही। इस चर्चा का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को माहवारी व नारी स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों से अवगत कराना था।




21 दिसम्बर को इन्टरनेट व सोशल मीडिया संबंधी वेबीनार का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि श्री दुर्गेश बत्रा, डीन, अग्रवाल पीजी कॉलेज, जयपुर रहे। उन्होंने इन्टरनेट से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की व सोशल मीडिया से व्यवसाय में होने वाले लाभ–हानि भी बताए।




12 जनवरी, 2021 को वेबीनार के माध्यम से राष्ट्रपति अवार्डी के साथ ऑनलाइन वार्ता आयोजित की गई। इस वेबीनार के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशक, श्री एसपी भट्टनागर, एस.एल.ओ. श्री धर्मेंद्र सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, श्री बनय सिंह, छत्तीसगढ़ से प्रियंका बिस्सा, चंडीगढ़ से रोहित कुमार एवं जम्मू–कश्मीर राष्ट्रपति पदक प्राप्त जसवीर सिंह रहे। सभी अतिथियों ने अपने अनुभव छात्राओं के साथ साझा किए व आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरणा दी। प्राचार्या डॉ. सीमा अग्रवाल ने भी छात्राओं का मार्गदर्शन किया।









## युवाओं को सामाजिक दायित्व समझाए

**जयपुर (समाचार जगत न्यूज)।** कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर की एनएसएस इकाईयों की ओर से अन्तरराष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में युवा उत्साह नए भारत का थीम पर वर्चुअल टॉक विथ प्रेसिडेंट अवार्डिज अंडर एनएसएस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रेसिडेंट अवॉर्डी प्रियंका बिस्सा (छत्तीसगढ़), रोहित कुमार (चंडीगढ़) एवं जसवीर सिंह (जम्मू-कश्मीर) ने स्वयं सेविकाओं के साथ एनएसएस के अपने अनुभव साझा किए, साथ ही युवाओं को सामाजिक दायित्वों को समझने व पूरा करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसएलओ एनएसएस राजस्थान धर्मेन्द्र सिंह, एसपी भटनागर एवं बनय सिंह ने भी छात्राओं को स्वामी विवेकानन्द से अभिप्रेरित होकर अपने स्वयं का एवं समाज का विकास करने के लिए प्रोत्साहित किया। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. सीमा अग्रवाल ने स्वागत वक्तव्य देते हुए छात्राओं का समाज सेवा एवं स्वयं सुधार के लिए उत्साहवर्धन किया।

## 'युवा उत्साह नए भारत का' पर मंथन

**जयपुर।** कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर की एनएसएस इकाईयों द्वारा अन्तरराष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में 'युवा उत्साह नए भारत का' थीम पर वर्चुअल टॉक आयोजित हुई, इसमें प्रेसिडेंट अवार्डी प्रियंका बिस्सा (छत्तीसगढ़), रोहित कुमार (चंडीगढ़) एवं जसवीर सिंह (जम्मू-कश्मीर) ने स्वयं सेविकाओं के साथ एनएसएस के अपने अनुभव साझा किए। साथ ही युवाओं को सामाजिक दायित्वों को समझने व पूरा करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर धर्मेन्द्र सिंह, एसपी भटनागर एवं बनय सिंह, प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल, डॉ. आंचल पुरी एवं डॉ. टीना सिंह भदौरिया सहित अन्य लोगों ने विचार व्यक्त किए।

23 जनवरी, 2021 को ’पराक्रम दिवस’ के अवसर पर महाविद्यालय प्रांगण में प्राचार्या, डॉ. सीमा अग्रवाल द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनके सिद्धांतों पर चर्चा की गई। इसमें महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक व अशैक्षणिक कर्मचारी शामिल रहे।




**कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय,** जयपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों ने नेताजी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए नेताजी के जीवन व भारत की आजादी में उनके योगदान के बारे में बताया।

## सुभाष चंद्र बोस जयंती मनाई


नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के उपलक्ष्य में कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों ने नेताजी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर परमहाविद्यालय प्राचार्या डॉ. सीमा अग्रवाल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए नेताजी के जीवन व भारत की आजादी में उनके योगदान के बारे में बताया।



15 फरवरी, 2021 को यातायात जागरूकता अभियान के तहत 'बेसिक लाइफ सपोर्ट' पर वेबीनार का आयोजन हुआ, जिसमें 39 स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया। इसका आयोजन 'कम्यूनिटी फॉर सेफ़र रोड्स' एवं 'एटरनल हॉस्पिटल' के संयुक्त तत्वावधान में हुआ।




27 फरवरी, 2021 को 'रूटक्योर होम्योपैथिक' की डॉ. अनामिका जालन्धरा ने स्वयंसेविकाओं को 'जूम एप' के माध्यम से पीसीओडी एवं पीसीओएस के बारे में जानकारी दी।




6 मार्च, 2021 को एनएआरसीएसआई के संयुक्त तत्वावधान में सर्वाइकल कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

8 मार्च, 2021 को 'अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस' के उपलक्ष्य में 'लैट्स टॉक अबाउट वीमन हैल्थ' विषय पर डॉ. अनामिका जालन्धरा, रूटक्योर होम्योपैथिक ने स्वयंसेविकाओं से चर्चा की।




10 मार्च, 2021 को महाविद्यालय की 20 स्वयंसेविकाओं ने समाचार पत्र समूह 'राजस्थान पत्रिका' द्वारा आयोजित 'वॉइस योर थॉट्स' कार्यक्रम में भाग लिया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री सचिन पायलट एवं डॉ. राजेन्द्र राठौड़ रहे।






वर्ष 2022 में भारत की स्वतंत्रता को 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित 75 सप्ताह के महोत्सव 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' के अन्तर्गत 16 मार्च, 2021 को भारत सरकार द्वारा जवाहर कला केन्द्र, जयपुर में लगाई गई प्रदर्शनी में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया एवं 30 स्वयंसेविकाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पुरस्कार प्राप्त किए।

**Kanoria Jaipur**
16 March at 3:44 PM




Kanoria@ JKK today
A visit to Amrit Mahotsav.






## 'आजादी का अमृत महोत्सव' पर चित्र प्रदर्शनी सम्पन्न

## विद्यार्थियों व युवाओं ने भारत के स्वाधीनता संग्राम के संघर्ष व स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन से ली प्रेरणा

**जयपुर, समाचार जगत न्यूज।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रादेशिक लोक सम्पर्क ब्यूरो की ओर से जयपुर के जवाहर कला केंद्र में 'आजादी का अमृत महोत्सव' विषय पर आयोजित की गई पांच दिवसीय चित्र प्रदर्शनी के अंतिम दिन प्रदर्शनी के लिए युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। प्रदर्शनी में आने वाले विद्यार्थियों व युवाओं ने भारत के स्वाधीनता संग्राम के संघर्ष व स्वतन्त्रता सेनानियों के जीवन के बारे में जानकारी प्राप्त की।

तत्पश्चात राजस्थान विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. राकेश झा ने युवाओं को संगोष्ठी के माध्यम से 1857 से लेकर1947 तक स्वाधीनता संग्राम में महानायकों के बलिदान एवं संघर्ष के बारे में विस्तार से जानकारी दी और आह्वान किया कि हमें उनके आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए। जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में 12 से 16 मार्च, 2021 तक आयोजित की गई 57 पैनलों वाली इस चित्र प्रदर्शनी में 1857 से लेकर 1947 तक ब्रिटिश शासन से लम्बे संघर्ष के दौरान जिन सेनानियों ने अपनी कुर्बानियां दी और सर्वस्व देश के लिए अर्पित किया, उनके जीवन से जुड़े महत्त्वपूर्ण प्रसंगों व भारत के स्वतंत्रता संग्राम की प्रमुख घटनाओं, असहयोग आंदोलन, बारदोली सत्याग्रह, काकोरी ट्रेन लूट कांड, सविनय अवज्ञा आंदोलन, क्रिप्स मिशन इत्यादि के बारे में चित्रएकेपशन सहित व औडियो-विज्वल माध्यम से अत्यन्त महत्वपूर्ण जानकारी को दर्शाया गया। इस प्रदर्शनी में आजादी के महानायक शीर्षक से एक विशेष पैनोरमा बनाया गया है, जिसमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंन्द्रबोस एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान एवं उनके जीवन की प्रमुख घटनाओं को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी के अंतिम दिन एनसीसी, सैंटजेवीयर्स स्कूल जयपुर, राजकीय महाविद्यालय (पोद्दार)कनोडिया महिला पी.जी. महाविद्यालय, राजस्थान विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्रोफ़ेसर, सहायक प्रोफेसर आदि ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया व युवाओं के लिए इस प्रदर्शनी को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। प्रदर्शनी में आने वाले विधायर्थियों व आम दर्शकों के बीच विभाग द्वारा भारतीय स्वतन्त्रता संघर्ष पर आधारित मौखिक प्रन्नोत्तरी देशभक्ति गीत गायन, पेंटिंग निबंध व मेहंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मौके पर ही प्रादेशिक लोक संपर्क ब्यूरो जयपुर की ओर से पुरस्कृत किया गया।

## आजादी का अमृत महोत्सव पर चित्र प्रदर्शनी संपन्न

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रादेशिक लोक संपर्क ब्यूरो की ओर से जवाहर कला केंद्र में आजादी का अमृत महोत्सव विषय पर पांच दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का समापन हुआ। प्रदर्शनी में आने वाले विद्यार्थियों तथा युवाओं ने भारत के स्वाधीनता संग्राम के संघर्ष तथा स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन के बारे में जानकारी प्राप्त की। राजस्थान विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. राकेश झा ने युवाओं को संगोष्ठी के माध्यम से 1857 से लेकर 1947 तक स्वाधीनता संग्राम में महानायकों के बलिदान एवं संघर्ष के बारे में जानकारी दी। प्रदर्शनी में आजादी के महानायक शीर्षक से एक विशेष पैनोरमा बनाया गया है, जिसमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्रबोस और सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान और उनके जीवन की प्रमुख घटनाओं को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी के अंतिम दिन एनसीसीए सैंट जेवियर्स स्कूल जयपुर, राजकीय महाविद्यालय, पोद्दार, कनोडिया महिला पीजी महाविद्यालय, राजस्थान विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्रोफेसर, सहायक प्रोफेसर आदि ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।



**अन्य उपलब्धियाँ–**

- महाविद्यालय की कक्षा बी.एस.सी. तृतीय वर्ष की छात्रा पलक ढ़ाका ने 18 नवम्बर, 2020 को जयपुर में आयोजित पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर में राज्य एवं महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।



1 of 1

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS & SPORTS
REGIONAL DIRECTORATE OF NSS (RAJASTHAN)

NSS/RJ/RDSC/021

Date: 18.11.2020

CERTIFICATE OF PARTICIPATION

This is to certify that

*Palak Dhaka*

has participated in state level NSS Republic Day Parade Selection Camp (in lieu of North Zone NSS Pre RD Camp) held at Youth Hostel Jaipur on November 18, 2020.

S P BHATNAGAR
Regional Director
Government of India
Ministry of Youth Affairs & Sports
Regional Directorate of NSS, Rajasthan

- 22 दिसम्बर, 2020 को राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. टीना सिंह भादौरिया एवं डॉ. आँचल पुरी ने आरईसी फाउंडेशन, यूएनएफपीए की संयुक्त पहल के तहत रेडियो चैनल 'नौबत बाजा' द्वारा आयोजित एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला में भाग लिया।



Certificate of Participation

This is to certify that

Dr. Aanchal Puri

has actively participated in the One day State level workshop on 22nd December 2020 for awareness on NAUBAT BAJA, a joint initiative of REC, REC Foundation and UNFPA

Mr. S.P Bhatnagar
Government of India
Ministry of Youth Affairs & Sports
Regional Director- NSS Jaipur, Rajasthan

Ms. Radhika Sharma
Director
Jeevan Ashram Sanstha
Rajasthan

- वीटी रोड, मानसरोवर, जयपुर स्थित झुग्गी–झोंपड़ी में रहने वाले बच्चों को महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं द्वारा प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करने, स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी देने एवं बच्चों में उनकी छिपी प्रतिभाओं को निखारने हेतु प्रयत्न किया गया जिसमें बी.कॉम. द्वितीय वर्ष की छात्राओं दिव्यांशी बिन्दल एवं रिया शर्मा का योगदान प्रमुख रूप से सराहनीय रहा।










- 3 से 9 मार्च, 2021 तक भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के युवा कार्यक्रम विभाग की राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर, राजस्थान द्वारा 7 दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना आभासी अभिविन्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आँचल पुरी ने सफलतापूर्वक सहभागिता की।



भारत सरकार
Government of India
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
Ministry of Youth Affairs & Sports
युवा कार्यक्रम विभाग
Department of Youth Affairs
राष्ट्रीय सेवा योजना
National Service Scheme

प्रमाण–पत्र/Certificate

प्रमाणित किया जाता है कि आंचल पुरी, कार्यक्रम अधिकारी, रासेयो, कनोडिया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर ने रासेयो सूचीबद्ध प्रशिक्षण संस्थान, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर, राजस्थान द्वारा दिनांक 3 मार्च से 9 मार्च 2021 तक आयोजित 7 दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना आभासी अभिविन्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम में सफलतापूर्वक सहभागिता की।

Certified that Dr. Aanchal Puri, Programme Officer, NSS, Kanoria PG Mahila Mahavidyalaya, Jaipur has successfully participated in the 7 days NSS Online Orientation Training Programme conducted by NSS Empanelled Training Institute, Maharana Pratap University of Agriculture and Technology, Udaipur, Rajasthan from March 3 to March 9, 2021.

(Dr. Sudhir Jain)
Students' Welfare Officer, MPUAT, Udaipur
Director of Programme
Empanelled Training Institute, MPUAT, Udaipur, Rajasthan

(Dr. Narendra Singh Rathore)
Vice Chancellor, MPUAT, Udaipur
Head of Institution

(Dr. Sindhu Prakash Bhatnagar)
Regional Director
Regional Directorate, NSS, Jaipur

- युवा मामलात् एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित सुबोध ग्लोबल कॉलेज, सांगानेर, जयपुर में दिनांक 21 से 26 मार्च, 2021 तक आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में महाविद्यालय की बी.ए. तृतीय वर्ष की 4 स्वयंसेविकाओं कविता वैष्णव, भावना, तोषिता लावास एवं सुगना गुर्जर ने महाविद्यालय एवं राज्य का प्रतिनिधित्व किया।



डॉ. आँचल पुरी

कार्यक्रम अधिकारी